# RAF SECTOR

## NEWS CLIP

22/02/19

TO SERVE HUMANITY WITH SENSITIVE POLICING

**Dainik Jagran(Punjab)**

दैनिक जागरण, पंजाबी जागरण, रेडियो सिटी 91.9 एफएम ने सद्भावना यात्रा निकाल दी पुलवामा के शहीदों को श्रद्धांजलि


# चेहरे पर गुस्सा, दिल में गम और आंखें थी नम

जागरण संवाददाता, जालंधर : चेहरों पर आतंकवाद के खिलाफ गुस्सा था, दिल में सैनिकों की शहादत का गम और आंखें नम... मौका था दैनिक जागरण, पंजाबी जागरण और रेडियो सिटी 91.9 एफएम द्वारा निकाली गई सद्भावना यात्रा का। हर कदम पर भारत मां की जय के उद्घोषों के साथ आतंकवाद के खिलाफ नारे लगे।

देशभक्ति के इस जुनून में शामिल होने के लिए हजारों की संख्या में शहरवासियों के अलावा पंजाब पुलिस, पंजाब सशस्त्र पुलिस (पीएपी), केंद्रीय अर्द्धसैनिक पुलिस बल (सीआरपीएफ), सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ), भारतीय थल सेना (आर्मी) के जवानों ने यात्रा में भाग लेकर शहीदों को नमन किया। गुरु गोबिंद सिंह स्टेडियम से शुरू हुई सद्भावना यात्रा चुनमुन चौक, जवाहर मार्केट, गुरु नानक मिशन चौक और गुरु अमरदास चौक से होते हुए वापस गुरु गोबिंद सिंह स्टेडियम में समाप्त हुई।

यात्रा की शुरुआत सीआरपीएफ के डीआइजी दर्शन लाल गोला, आरएएफ कमांडेंट राजेश कुमार सिंह, कर्नल संदीप तेजपाल, डीएसपी देहात बलविंदर इकबाल सिंह काहलों, एसडीएम हिमांशु जैन, कंडो आर्य कॉलेज की प्रिंसिपल डॉ. सरिता वर्मा, लायलपुर खालसा कॉलेज वूमेन की प्रिंसिपल डॉ. नवजोत, दैनिक जागरण परिवार के सदस्यों ने शहीदों को श्रद्धांजलि भेंट करके की।

इस दौरान सभी ने दो मिनट का मौन धारण कर शहीदों को नमन किया। डिप्टी कमिश्नर वरिंदर कुमार शर्मा व पुलिस कमिश्नर गुरप्रीत सिंह भुल्लर ने नामदेव चौक में यात्रा में भाग लेकर अपने श्रद्धासुमन अर्पित किए।



जम्मू-कश्मीर के पुलवामा में शहीद हुए सीआरपीएफ के जवानों को श्रद्धांजलि देने के लिए निकाली गई सद्भावना यात्रा में उमड़े शहरवासी।

"वी विल नॉट फॉरगेट, वी विल नॉट फॉरगिव... हमारे देश का हर जवान शहीदों की शहादत को न भुलाकर इस बात पर अडिग रहेगा। मैं और मेरे देश के जवान हमेशा आतंकवाद, नक्सलवाद और देश के दुश्मनों का डटकर सामना करते रहेंगे।

राजेश कुमार सिंह, आरएएफ कमांडेंट

शहीदों की शहादत पूरे देश को जगाने का काम कर गई है। सभी लोग एक सुर में बात कर रहे हैं और पूरा देश एकजुट है। मैं पुलवामा इलाके से पूरी तरह परिचित हूं। ये इलाका हमारे जवानों के लिए हमेशा से ही खतरे से भरा रहा है। हमारी सेना कठिन परिस्थियों में काम कर रही है।

दर्शन लाल गोला, सीआरपीएफ डीआइजी

फ्रीडम फाइटर्स और जवानों ने बड़ी कुर्बानियां दी है। आप सभी देशभक्ति की भावना हमेशा उजागर रखें और अपना कर्तव्य निभाएं। अपने-अपने क्षेत्र में बेहतर योगदान दें। हमने पंजाब में आतंकवाद को खत्म किया है। एकजुटता की भावना को हमें बनाए रखना होगा।

गुरप्रीत सिंह भुल्लर, पुलिस कमिश्नर

सीआरपीएफ अपने आसपास होते ही हम खुद को सुरक्षित महसूस करने लगते हैं। हमारी सेना कभी पीठ नहीं दिखाती। शहीदों की शहादत व्यर्थ नहीं जाएगी। दुश्मन को हराने के लिए हमें जोश और होश से काम लेना होगा। हमारी सेना पर हम सभी को भरोसा करना होगा।"

वरिंदर कुमार शर्मा, डीसी



# Dainik Jagran(Punjab)




शहीदों को श्रद्धांजलि देने पहुंचे सीआरपीएफ के डीआइजी दर्शन लाल गोला, आरएएफ कमांडेंट राजेश कुमार सिंह, कर्नल संदीप तेजपाल।




शहीद साथियों को श्रद्धांजलि देने के लिए सद्भावना यात्रा में सीआरपीएफ कैंप से पहुंचे जवान।



सद्भावना यात्रा शुरू करने से पहले शहर के विभिन्न राजनीतिक और सामाजिक संगठनों के सदस्यों ने शहीदों की याद में दो मिनट का मौन रख कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इनमें पंजाबी जागृति संस्थान के सेक्रेटरी दीपक बाली, कुमार गैस एजेंसी के संचालक अशोक कुमार, सुरिंदर सैनी व अन्य शामिल थे।




सद्भावना यात्रा में शामिल कंज्यूमर एंड ह्यूमन राइट्स रक्षा समिति के चेयरमैन मुकेश वर्मा, प्रधान कीर्ति दत्ता, संजीव भगत, अश्वनी चोपड़ा व राजेंद्र कुमार।

**Gujrat Sandesh(Bharuch,Gujrat)**

# RAFએ ભૌગોલિક સ્થિતિની જાણકારી મેળવી



આગામી લોકસભાની ચુંટણીને અનુલક્ષી બુધવાભરૂચ શહેરના સંવેદનશીલ વિસ્તારોમાં આરએએફે ફ્લેગમાર્ચ યોજી ઐતિહાસિક સ્થળો અને ભરૂચની ભૌગોલિક પરિસ્થિતિની જાણકારી મેળવી હતી.

# ભરૂચ શહેરના સંવેદનશીલ વિસ્તારમાં RAFની ફ્લેગમાર્ચ

## ચૂંટણીને અનુલક્ષી વિસ્તારોની જાણકારી મેળવી

। ભરૂચ ।

આગામી લોકસભાની ચુંટણીને અનુલક્ષી બુધવારે ભરૂચમાં રેપીડ એકશન ફોર્સે ધામા નાંખ્યા હતા. બંબાખાનાથી શહેરના સંવેદનશીલ વિસ્તારોમાં આરએએફે ફલેગમાર્ચ યોજી ઐતિહાસિક સ્થળો અને ભરૂચની ભૌગોલિક પરિસ્થિતિની જાણકારી મેળવી હતી.

લોકસભાની ચુંટણીના પડઘમ વચ્ચે તંત્ર તૈયારીઓમાં જોતરાય રહ્યુ છે ત્યારે સંવેદનશીલ એવા ભરૂચમાં ચુંટણી શાંતિપુર્ણ વાતાવરણમાં નિર્ભય રીતે સંપન્ન થાય તેવા પ્રયાસો પણ કરવામાં આવી રહ્યા છે. બુધવારે ભરૂચ શહેરમાં રેપીડ એકશન ફોર્સે ધામા નાંખ્યા હતા. પોતાના વાહનોમાં રેપીડ એકશન ફોર્સની એક કંપની એટલે કે પ્લાટુનમાં ૫૦ આરએએફનો સ્ટાફ જોડાયો હતો. સમીસાંજે શહેરના બંબાખાનાથી રેપીડ એકશન ફોર્સે ફલેગમાર્ચ શરૂ કરી હતી.

શહેરના તમામ સંવેદનશીલ વિસ્તારોમાં આરએએફની પ્લાટુન ફરવા સાથે ઐતિહાસિક સ્થળો અને વિસ્તારોની જાણકારી મેળવી હતી. આરએએફની ફલેગમાર્ચ બંબાખાનાથી વેજલપુર, કતોપોર બજાર, ચારરસ્તા, વડાપડા, સોનેરી મહેલ સહિતના વિસ્તારોમાં ફરી હતી. જવાનોએ વિવિધ વિસ્તારની ભૌગોલિક સ્થિતની માહીતી મેળવી હતી.

રાજ ગુરુ જય
વર્ષોથી જુના-જાણીતા તંત્ર સાધક
ATOZ કાર્યના ૯ કલાકમાં રીઝલ્ટ
9825
માં દુર્ગા જય
૧૦૧% ગેરંટી ૨ દિવસ
જીવનમાં કોઈપણ કામનો સ
કામ પછી ફી
M. 92
ગોડાઉન ભાડે આપ
શેડ નં.સી૧બી/૨
અંકલેશ્વ
એશીયન પેઈન્ટ ચોક
જયપુર ગોલ્ડન ટ્રાન્સપો
૪૦'×૩૦'=૧૨૦૦ ચો.ફુટ
કોન્ટેક્ટ
09824100

## Photos of Deployment/Fam-Ex Of RAF











**सी0आर0पी0एफ0 सदा अजेय, भारत माता की जय।**